asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया मक्का... पृष्ठ 2 | मंदिरों सहित घरों में बंदनवार... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

रविवार, 22 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 157, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## सफेद जहर, काला कारोबार! क्या छत्तीसगढ़ की नई पहचान नशा बनेगी..?

**जितेंद्र जैन जीतू**

जिसे हम धान का कटोरा कह कर गर्व महसूस करते थे, क्या अब वो नशे की नर्सरी बनने की ओर अग्रसर है। हाल के दिनों में राज्य के वनांचलो और दूरस्थ मैदानी इलाकों से अफीम की अवैध खेती की जो खबर आई है, वो ना केवल चौंकाने वाली है, बल्कि राज्य खुफिया तंत्र और स्थानीय प्रशासन की गहरी नींद को भी उजागर करती है।छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती का उजागर होना केवल एक 'क्राइम रिपोर्ट' नहीं है, यह मुद्दा केवल चंद पौधों को भी उखाड़ कर फेंकने का नहीं है, बल्कि उस सरकारी कैंसर की सर्जरी करने का है जिसने इस अवैध कारोबार को पनपने के लिये जमीन दी।

**तंत्र की मोतिया बिंद वाली नजर**

जब खेत में फसल लहलहाती है, तो वह रातों-रात तैयार नहीं होती उसे महीनों का वक्त लगता है। ऐसे में स्थानीय पटवारी, बीट गार्ड और इंटेलिजेंस की 'चुप्पी' कई अनसुलझे सवाल खड़े करती है।

**आरोपों की ढाल और सियासत की तलवार**

विपक्ष का यह आरोप कि 'सत्ता के संरक्षण' के बिना यह संभव नहीं, राजनीति का पुराना व्याकरण है। वहीं, सत्ता पक्ष का यह कहना कि 'ये पुराने बीज हैं', जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने जैसा प्रतीत होता है। हकीकत तो यह है कि नशा न तो 'कांग्रेसी' होता है और न ही 'भाजपा का'—नशा सिर्फ पीढ़ी बर्बाद करता है। सरकार के लिए यह अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को जमीन पर साबित करने का सबसे कड़ा इम्तिहान है।

**बस्तर से बिलासपुर, रायगढ़ तक का 'डेंजर जोन'**

नक्सल प्रभावित इलाकों और अंतर्राज्यीय सीमाओं का इस काले धंधे के लिए इस्तेमाल होना सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा खतरा है। यदि अफीम की खेती से होने वाली कमाई नक्सलियों या असामाजिक तत्वों के हाथों में जा रही है, तो यह केवल नशे का मुद्दा नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा का एक बड़ा संकट है।

**'साख' बनाम 'सख्ती'**

छत्तीसगढ़ की छवि हमेशा से एक शांत और कृषि प्रधान राज्य की रही है। 'सफेद जहर' की यह दस्तक इस छवि पर कालिख पोतने जैसी है। सरकार को केवल फसलें नष्ट करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन 'सफेदपोशों' और 'वर्दीधारियों' के चेहरों को भी बेनकाब करना होगा जिनकी आंखों के नीचे यह कारोबार फल-फूल रहा था। इस मामले में

जनता को जुबानी जंग से सरोकार नहीं है, उन्हें समाधान चाहिए। अगर समय रहते इस 'काले सोने' के नेटवर्क को ध्वस्त नहीं किया गया, तो छत्तीसगढ़ को 'उड़ता पंजाब' बनते देर नहीं लगेगी।

# आस्था के केंद्र कुदरगढ़ धाम का होगा भव्य विकास - मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले में 185 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज चैत्र नवरात्रि की तृतीया तिथि के पावन अवसर पर सूरजपुर जिले के विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी आस्था के केंद्र कुदरगढ़ धाम का भव्य विकास होगा। माता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सूरजपुर जिले में 185 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने माँ कुदरगढ़ी के पावन धाम में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व है और मैं आज माँ कुदरगढ़ी के दरबार में आया हूँ। सूरजपुर वासियों ने मुझे यह सौभाग्य दिया, इसके लिए मैं आप सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेश के कोने-कोने से मां कुदरगढ़ी के दर्शन के लिए पहुंचे भक्तजनों को भी मैं सादर प्रणाम करता हूँ। जब चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखता हूँ तो बहुत अच्छा लगता है। हमारे देवी-देवता हमारे आस्था के प्रतीक तो हैं ही, वे हमारे जीवन में उत्सव का रंग भी भरते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इस शुभ दिन सूरजपुर जिले में 185 करोड़ रुपए के 76 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। सूरजपुरवासियों को इसके लिए मैं हार्दिक बधाई देता हूँ। इन कार्यों में 20 करोड़ रुपए के 52 कार्यों के लोकार्पण तथा 164 करोड़ रुपए के भूमिपूजन के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, जलाशय एवं नगरीय अधोसंरचना से जुड़े निर्माण शामिल हैं। साथ ही कुदरगढ़ में सर्वसुविधायुक्त नवनिर्मित विश्रामगृह भवन का लोकार्पण भी किया गया है। लगभग 3 करोड़ 9 लाख 60 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस आधुनिक भवन में अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता के आशीर्वाद से बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है । कुदरगढ़ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही रोपवे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे दर्शन करना और अधिक सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि क्षेत्र में डोम, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि कुदरगढ़ धाम का समग्र और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले में पोषण के प्रति जागरूकता के लिए सुपोषण रथ, आपराधिक जागरूकता रथ और यातायात जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर पोषण के लिए जनजागरूकता बेहद आवश्यक है। स्वस्थ महिला और बच्चों से परिवार की खुशियां मजबूत होती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों के प्रति सभी को सजग होना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और लाखों लोगों




का जीवन बचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सूरजपुर जिले में रेडी टू ईट निर्माण कार्य के माध्यम से पोषण कार्यक्रम का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने इस पहल को जिले के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन पर्व नई ऊर्जा और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरगुजा ओलंपिक के आयोजन से इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल का नया अवसर मिला है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर माता रानी का आशीर्वाद सभी जिले वासियों पर बना रहे। सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करते हुए महिलाओं और बच्चो को बेहतर पोषण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## महापौर मधुसूदन यादव ने गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने पहुंचे मुस्लिम समाज के सदस्यों को राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव ने गले मिलकर ईद उल फित्तर की मुबारकबाद दी और उनकी खुशियों में शरीक हुए।



## मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ सिंघोला में 1129 ज्योति कलश प्रज्वलित हुई





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम सिंघोला में मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1129 ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए हैं। शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि में घी के ज्योति कलश 527एवं तेल की ज्योति कलश 602 प्रज्जवलित किए गए। 22 मार्च को यहां पंचमी कलश स्थापना की जाएगी। 25 मार्च को हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णाहुति, 26 मार्च को जंवारा विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।देवी जस भजन प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रारभ किया जाता है। और विशेष माता का जगराता एवं जस झांकी।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर, अध्यक्ष नंद (नरेंद्र) साहू, उपाध्यक्ष भोज राम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू, सचिव रोशन साहू,सह सचिव कुबेर साहू,संरक्षक लखन साहू, पुराणिक साहू, रामबिलास साहू, अमर सिंह, भुवन साहू आदि माता की सेवा में जुटे हैं।

## पीएम-आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की की जा रही खरीदी

### जिले में एक सप्ताह में 347 क्विंटल दलहन-तिलहन उपार्जन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में रबी मौसम की दलहन एवं तिलहन फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। इसके लिए कृषि सहित संबंधित विभागों को किसानों का शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत 15 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों तथा एक एफ्पीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड, सुकुलदैहान के माध्यम से खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा नाफेड के माध्यम से दलहन एवं तिलहन फसलों का उपार्जन किया जा रहा है। जिसके लिए सोयाबीन 5 हजार 328 रूपए प्रति क्विंटल, अरहर 8 हजार रूपए प्रति क्विंटल, चना 5 हजार 875 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर 7 हजार रूपए प्रति क्विंटल तथा सरसों 6 हजार 200 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उपसंचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताह जिले में कुल 347 क्विंटल दलहन-तिलहन की खरीदी की गई है। इसमें एफ्पीओ सुकुलदैहान द्वारा 75 किसानों से 53 क्विंटल चना, 220 क्विंटल मसूर एवं 1 क्विंटल सरसों तथा सेवा सहकारी समिति तुमड़ीबोड़ द्वारा 73 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की गई है। एकीकृत किसान पोर्टल में पीएसएस के तहत चना के लिए 529 किसान, मसूर के लिए 264 किसान एवं राई व सरसों के लिए 82 किसानों सहित कुल 649 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। शेष किसानों से भी अपील की गई है कि वे शीघ्र पंजीयन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान एकीकृत किसान पोर्टल एवं नाफेड के ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, ताकि खरीदी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो सके।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में 2161 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित

## गौरी गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र, पंचमी श्रृंगार 23, महाअष्टमी हवन 26 एवं रामनवमी उत्सव 27 को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र 19 मार्च गुरुवार को प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र पर्व पर माता की ज्योति सहित 2161 श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई। चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी 23 मार्च सोमवार को मां पाताल भैरवी सहित समस्त देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्वान्नूज् ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 19 मार्च गुरुवार से 27 मार्च शुक्रवार तक मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जिसमें अंचल सहित देशभर के हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं।

**अविभाज्य मुहूर्त पर हुई पूजा अर्चना**

चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम 19 मार्च गुरुवार को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.47 के मध्य विद्वान आचार्य कृष्णकांत त्रिपाठी व पंडितों के द्वारा विधि विधान के मध्य मुख्य जजमान गणेश प्रसाद शर्मा, श्रीमती आरती शर्मा, दीपक जोशी व अन्य सदस्यों के द्वारा गौरी



गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात मां पाताल भैरवी, भोलेनाथ, स्फटिक शिवलिंग, हनुमान जी महराज, भैरव बाबा एवं अन्य देवी देवताओं का दूध, दही, गंगाजल, शुद्ध जल, शक्कर, शहद, घी, अष्टगंध, सुगंधित द्रव्य से अभिषेक पूजन पश्चात भगवान भोलेनाथ, मां पाताल भैरवी, मां काली व दस महाविद्या की आरती संस्था के अध्यक्ष व लोकगीत गायक राजेश मारु व अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा उतारी गई।

**देश विदेश के श्रद्धालुओं ने किए ज्योति कलश प्रज्ज्वलित**

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में गौरी गणेश स्थापना पश्चात मंत्रोच्चार के मध्य माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्वलन की गई। इस सिद्धपीठ परिसर में 2161 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं। जिसमें अंचल के साथ ही देश के अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं व देश की सीमा पार विदेशों में रहने वाले आस्ट्रेलिया, बुस्टन शहर यूएसए, जर्मनी, कनाड़ा, दुबई, थानेवड बैंकाक के श्रद्धालुओं के द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

**पंचमी श्रृंगार 23 को व महाअष्टमी हवन 26 को**

बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में 23 मार्च सोमवार को चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर गणेश जी, हनुमान जी, मां पाताल भैरवी, मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या, भगवान भोलेनाथ, भैरव बाबा सहित समस्त देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सिद्धपीठ में महाअष्टमी हवन 26 मार्च गुरुवार को संध्या 6 बजे से श्रीयंत्र पर आधारित यज्ञशाला में एवं रामनवमी उत्सव व ज्योति कलश विसर्जन 27 मार्च शुक्रवार को प्रात: 10 बजे कुंवारी कन्या भोजन, 11 बजे माता की महाआरती, 12 बजे रामनवमी उत्सव, 12.15 बजे माई ज्योत विसर्जन तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं की ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

**संध्या आरती रात्रि 8 बजे से**

नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन माता की संध्या में रात्रि 8 बजे से 9.30 बजे तक विशेष आरती व पूजन किया जा रहा है। जिसमें संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा च्वान्नूज, कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, संतोष खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित हजारों श्रद्धालुगण रोज आरती पूजन में सम्मिलित हो रहे हैं।

## ईद-उल-फितर के अवसर पर विष्णु लोधी ने दी मुबारकबाद, मुस्लिम समाज ने किया सम्मान

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पावन पर्व ईद-उल-फित्तर के अवसर पर



छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर उन्हें दिली मुबारकबाद दी। मुलाकात के दौरान मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया, जिसके लिए उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया। विष्णु लोधी ने कहा कि ईद-उल-फित्तर का पर्व हमें प्रेम, त्याग, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। ऐसे पावन अवसर समाज में सद्भाव और आपसी विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश एवं क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक हर्षिता बघेल ,शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी, विजय राज सिंह, धीरज मेश्राम, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

CMYK

nandgaon times march-22-2.qxd 3/21/2026 10:28 PM Page 2



# जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण

## पांगरीकला में ग्रामीणों को मिलेगा रोजगार

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत पांगरीकला में 53 एकड़ जमीन को छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को उद्योग के लिए आबंटित किया गया है, विभाग द्वारा उद्योग हेतु पॉपकोर्निका प्राइवेट लिमिटेड को 3 एकड़ भूमि आबंटित की गई है,चल रहे उद्योग निर्माण कार्य का निरीक्षण करने जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा,श्रीमती अंजली धावड़े जनपद सदस्य, सामसाय सेंद्राम सरपंच पांगरी, राजेश्वर ध्रुवे,नैनसिंह पटेल मौजूद रहे । जिस स्थान पर उद्योग स्थापित किया जा रहा है, जहां पर कारखाना लगभग पूर्णता कि ओर है, इस उद्योग से छुरिया अंचल सहित प्रदेश के अलग अलग स्थानों में किसानों द्वारा उपार्जित मक्का न केवल हमारे किसानों की आय बढ़ा सकता है, बल्कि हमारे क्षेत्र के विकास और रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और वह विषय है च्मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट के फायदेज्। साथियों, मक्का हमारे देश की एक महत्वपूर्ण फसल है। हमारे छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में किसान बड़े पैमाने पर मक्का की खेती करते हैं। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि किसान कच्चा मक्का बेचते हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अगर हम इसी मक्का को प्रोसेस करके बाजार में बेचें, तो



उसकी कीमत कई गुना बढ़ जाती है। मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे कच्चे माल का मूल्य बढ़ता है। उदाहरण के तौर पर, साधारण मक्का को प्रोसेस करके हम पॉपकॉर्न, कॉर्न फ्लेक्स, कॉर्न फ्लोर और कई प्रकार के स्नैक्स बना सकते हैं। ये सभी उत्पाद बाजार में अच्छी कीमत पर बिकते हैं। दूसरा महत्वपूर्ण लाभ है रोजगार का सृजन। जब हम गांव या छोटे शहर में प्रोसेसिंग यूनिट लगाते हैं, तो स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलता है। इससे पलायन भी कम होता है और गांव की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथियों, आज के समय में लोगों की जीवनशैली बदल रही है। लोग रेडी-टू-ईट और पैकेज्ड फूड की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में मक्का से बने उत्पादों की मांग भी लगातार बढ़ रही है। यह हमारे लिए एक बेहतरीन व्यवसायिक अवसर है। इसके अलावा, प्रोसेस किए गए उत्पादों की शेल्फ लाइफ अधिक होती है, जिससे उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है और नुकसान की संभावना कम होती है। मक्का फूड प्रोसेसिंग यूनिट केवल एक व्यवसाय नहीं है, बल्कि यह किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार देने और हमारे क्षेत्र के विकास का एक मजबूत माध्यम है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है,किसानों ने इस सत्र में अधिक मात्रा में मक्का की खेती की है,अब किसानों को अपने उत्पाद को बेचने स्थानीय स्तर पर बाजार भी मिल रहा है ।

# शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने किया आत्मीय स्वागत



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सिंधी समाज द्वारा शुक्रवार 20 मार्च को भगवान झूलेलाल व संत कंवरराम जी की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा मानव मंदिर चैक पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। चेट्रीचंड झूलेलाल जयंती पर्व पर राजनांदगांव सिंधी पंचायत समाज द्वारा 20 मार्च शुक्रवार को भगवान झूलेलाल व संत कंवरराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर भ्रमण करते हुए शाम 7.30 बजे मानव मंदिर चैक पहुंचने पर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला प्रभारी व वरिष्ठ कांग्रेसी कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा भव्य आतिशबाजी कर फुलमालाओं से स्वागत किया तत्पश्चात सिंधी समाज के लोगों को पर्व की बधाई देते हुए दुध कोल्डंग शर्बत पिलाई। इस अवसर पर छाबड़ा ने पूज्य भगवान झूलेलाल व संत कंवरराम जी की फूल माला पहनाकर पूजा अर्चना कर सिंधी भाई बंधुओं व शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रमुख रूप विकास त्रिपाठी, राजू खान, झम्मन देवांगन, प्रेम रूचंदानी, भोला यादव, अमित खंडेलवाल, विशु अजमानी, मुस्तफा जोया, तौसिफ गोरी, अनिल ठाकुर, मनीष साहू, नारायण सोनी, जितेश सिमनकर, राहुल देवांगन, बंटी यादव, शुभम कसार, दुर्गश ढीमर, हिम्मत पवार सहित दिवानपारा के युवा सदस्य व बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ईद पर छुरिया ईदगाह पहुंचे जिलाध्यक्ष विपिन यादव, भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश



**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** ईद-उल-फित्तर के पावन अवसर पर शनिवार सुबह ठीक 9 बजे छुरिया नगर स्थित ईदगाह में पेश इमाम हाफिज सद्दाम हुसैन द्वारा सामूहिक नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया तथा देश-प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। इसके पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अपने दिवंगत परिजनों की याद में कब्रिस्तान पहुंचकर फातेहा पढ़ी। एक माह के पवित्र रमजान में रोजा रखने के बाद मनाया गया ईद का यह पर्व छुरिया नगर में उत्साह, प्रेम और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सौहार्द और इंसानियत का भी संदेश देता है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री विपिन यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू एवं समाजसेवी मनोज सिन्हा ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री विपिन यादव ने कहा कि ईद का पावन पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और गंगा-जमुनी तहज़ीब का जीवंत प्रतीक है। यह त्योहार हमें न केवल एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में इंसानियत, एकता और सौहार्द को भी नई मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र अवसर हमें भेदभाव भुलाकर मिलजुलकर रहने और देश-प्रदेश में अमन, शांति एवं तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश देते हैं। श्री यादव ने सभी प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जामा मस्जिद के सदर जान मोहम्मद, नायब सदर शकील कुरेशी, सेक्रेटरी हाजी आरिफमेमन सहित अलीम खान, तौकीर अहमद, गफ्फार मेमन, अहमद खान, वसीम कुरैशी,अकील मेमन, आबिद मेमन, वसीम खान, हाजी फहीज अहमद खान, रज्जाक कुरैशी, फिरोज सिद्दीकी, अनवर खान, मेराज रजा, सोनू खान, सलीम मेमन, जावेद मेमन, अकील मेमन, दबीज अहमद खान, मौफिज खान, इलियास खान, मो. शरीफ शेख कादर, मो. गौस, मो. फैज, मुज्जम्मिल खान, ताहिर खान, जसीम कुरैशी, इमरान कुरैशी, इकबाल खान, सगीर खान, शेख लतीफ साजिद खान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बॉस शिल्प प्रशिक्षण बोरतलाव में 20 प्रशिक्षणार्थियों को दो माह का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित डिज़ाइन प्रौद्योगिकी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के बोरतलाव कलस्टर में बांबू क्राफ्ट वर्कशॉप में शामिल 20 प्रशिक्षणार्थियों को दो माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें दिल्ली से डिजाइन डॉली अग्रवाल के द्वारा 20 प्रकार के मार्केट अनुसार बास से निर्मित घरेलू उपयोगी सामग्री जैसे कि लैंप ,वाटर फॉल, ड्रायफ्रूड बॉक्स,ग्लास,चेयर, स्टूल होम डेकोरेटिव सामग्री बनाई जा रही है जिसमें जसपुर के ग्राम तोरा से मास्टर आजाद भगत के द्वारा जय सेवा हस्तशिल्प कला संस्था बोरतलाव के प्रशिक्षण सेंटर में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें हितग्राहियों में सुमन नंदेश्वर ,पुष्पा नंदेश्वर,रिया, आरती डोंगरे ,गायत्री सहारे,नंदनी नंदेश्वर, टिकेश्वरी अम्बादे ,पायल नंदेश्वर,प्रीति सोनवानी, करीना मालेकर, नम्रता लाऊत्रे, शुभम नंदेश्वर,सिद्धार्थ नंदेश्वर,कैलाश लाऊत्रे,संजय नंदेश्वर,कलावती नंदेश्वर,ममता लाऊत्रे,सुनैना , सुशिला,देवकी नंदेश्वर, इत्यादि लोग दो माह का प्रशिक्षण ले रहे है प्रशिक्षण कार्य के आयोजक है छ. ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड राजनांदगांव।



## प्यारेलाल चौक से बजरंग चौक तक बनेगा आधुनिक डिवाइडर

**राजनांदगांव ।** शहर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव और नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा की पहल पर प्यारेलाल चौक हनुमान मंदिर से बजरंग चौक तुलसीपुर तक नए डिवाइडर निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों के विकास के तहत एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्यारेलाल चौक स्थित हनुमान मंदिर से लेकर बजरंग चौक तुलसीपुर तक सड़क के बीचों-बीच आधुनिक डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। इस डिवाइडर में आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था के साथ-साथ हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पेड़-पौधों का विशेष प्रावधान किया गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात सुगम होगा। साथ ही रात के समय बेहतर रोशनी से सुरक्षा में भी वृद्धि होगी।




**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का वास्तविक व सही नाम रविन्द्र नेताम (Ravindra Netam) पिता चिन्ता राम नेताम (Chinta Ram Netam) है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड कमांक 9228 6630 6578 में मेरे पुत्र का नाम रविंद कुमार (Ravind Kumar) पिता चिन्ता राम नेताम (Chinta Ram Netam) दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है ।

अतः मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में उसका वास्तविक व सही नाम रविन्द्र नेताम (Ravindra Netam) पिता चिन्ता राम नेताम (Chinta Ram Netam) दर्ज किये जाने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**चिन्ता राम नेताम**
**पिता- अलख राम नेताम**
**ग्राम-मोहगांव (जोंधरा)**
**तहसील-कुमरदा**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**


**शुभांक**
**4-6-7**
**148-5 559-9**

# मां कर्मा ने दिखाई भक्ति की ताकत , भगवान कृष्ण ने तब खुद खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम केसाल (जोशीलमती) में भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। परिक्षेत्रीय साहू समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। उन्होंने मां कर्मा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि मां कर्मा त्याग, समर्पण और सेवा की प्रतिमूर्ति हैं। उनकी भक्ति इतनी महान थी कि स्वयं भगवान कृष्ण ने उनकी सादगीपूर्ण खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। उनका जीवन समाज को एकता, परिश्रम और सदाचार का संदेश देता है। उन्होंने समाज के माताओं, बहनों एवं युवाओं से मां कर्मा के आदर्शों को अपनाकर समाज एवं प्रदेश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां कर्मा के जीवन चरित्र को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस अवसर पर श्रीमती गीता घासी साहू (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष), मिलाप दास साहू (अध्यक्ष तहसील साहू समाज कुमर्दा), भवभूति साहू (सचिव तहसील साहू समाज कुमर्दा), बालमुकुंद कुंजाम (जनपद सदस्य), भुवन लाल साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ साल्हे), त्रिलोचन साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ जोशीलमती), युगल किशोर साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ कलड़बरी), फकीर साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ कुमर्दा), भालचंद्र साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ बादराटोला), सोनिया चंद्रवंशी (सरपंच केसाल), विश्राम कंवर, उमाशंकर, रामकृष्ण, खुमन चंद्रवंशी, अंजोरी राम, शंकर कंवर, विजय कुमार, अजय कुमार, सुखदेव राम, चिंता राम, भारत कोटेलकर, स्वरूप दास, मीनाक्षी कंवर, लता बाई, धामेश्वरी बाई, ललिता बाई सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 07 दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय कार्यशाला अनुसंधान पद्धति के नवीन रुझान एवं भावी आयाम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वायत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) के क्करू-स्A सेल द्वारा 12 मार्च से 19 मार्च 2026 तक एक 07 दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान ज्ञान-विस्तार का ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं तकनीकी विकास का आधार बन चुका है। बहुविषयक अनुसंधान की आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है, क्योंकि जटिल समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विषयों के समन्वय की आवश्यकता होती है।इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों को अनुसंधान के सिद्धांतों, पद्धतियों, तकनीकों एवं व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था, ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान कार्य कर सकें। कार्यशाला का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनुसंधान केवल शैक्षणिक आवश्यकता नहीं, बल्कि समाज के विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बहुविषयक अनुसंधान की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब विभिन्न विषयों का समन्वय किया जाए। डॉ. संजय थिस्के ने अनुसंधान पद्धति की मूलभूत अवधारणाओं को अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अनुसंधान में नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा अत्यंत महत्वपूर्ण है , अनुसंधान के प्रकार—मौलिक, अनुप्रयुक्त, क्रियात्मक एवं रूपांतरणात्मक , अनुसंधान समस्या का चयन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से होना चाहिए , शोध प्रश्न एवं परिकल्पना अनुसंधान की दिशा निर्धारित करते हैं ,उन्होंने यह भी बताया कि एक सफल शोध वही होता है जो समाज के लिए उपयोगी हो। द्वितीय दिवस डॉ. आशीष झा का व्याख्यान - उन्होंने अनुसंधान डिज़ाइन के विभिन्न प्रकारों को विस्तार से समझाया गुणात्मक , मात्रात्मक एवं मिश्रित विधियाँ , सैंपलिंग तकनीक एवं नमूना आकार निर्धारण , अनुसंधान योजना का निर्माण उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि सही डिज़ाइन अनुसंधान की सफलता की कुंजी है।



# चिखली बांधाबाजार में भव्य सामूहिक विवाह समारोह नवदंपतियों को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक भोलाराम साहू ने दी शुभकामनाएं



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंबागढ़ चौकी आदिवासी कंवर समाज विकास समिति, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी द्वारा चिखली बांधाबाजार में आयोजित दो दिवसीय भव्य सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन 19 से 20 मार्च 2026 तक अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में समाज की परंपरा, संस्कृति और एकजुटता की अनुपम झलक देखने को मिली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक समरसता और सहयोग की मजबूत नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आर्थिक रूप से सहायक होते हैं, बल्कि समाज में समानता और एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने शिक्षा, संस्कार और संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए समाज को निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने अपने संबोधन में समाज के सर्वांगीण विकास, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को नई दिशा देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन की भव्यता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था की सराहना करते हुए समिति एवं समाजजनों को बधाई दी। 20 मार्च को आयोजित मुख्य मांगलिक कार्यक्रम एवं कन्यादान समारोह में कुल नौ जोड़े वर-वधुओं का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। विवाह समारोह के दौरान पूरे परिसर में उल्लास और उत्सव का माहौल बना रहा। नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों ने उनके सुखद, समृद्ध एवं उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की। विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक भोलाराम साहू ने नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान कर उन्हें जीवन में आपसी प्रेम, विश्वास और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। यह क्षण आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावुक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, जिससे युवाओं में शिक्षा के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़े। कार्यक्रम में नवाज खान, निखिल द्विवेदी, रामकृष्ण चंद्रवंशी, मदन साहू, सुरजीत सिंह ठाकुर, मुकेश सिन्हा, शेषवती धुर्वे, पुनउराम फुलकंवर, विजय यादव, साधना सिंह, जितेन्द्र उइके, मनोहर लाउतरे, विकास लाउतरे, सत्तर मालेकर, पवन श्रीवास, राजू देवांगन, मधु सिंह रावटे, विजय भारद्वाज, कलेन्दरी सिन्हा, दुलार विश्वकर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## तुमडीबोड़ में 29 से 31 मार्च तक लोक मंड़ई* छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से शुरू



**तुमडीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तुमडीबोड़ में आगामी 29 से 31 मार्च तक लोक मंड़ई का आयोजन होगा। त्रिदिवसीय इस लोक मंड़ई के आयोजन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों के साथ ही उभरते हुए नवोदित कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। लोक मंड़ई कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से किया जा रहा है, दिन-रात दर्जनों कामगार मंच और पंडाल बनाने में लगे हुए हैं। लोक मंड़ई संस्था के अध्यक्ष स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में व श्री गुलाब वर्मा के संयोजन में लोक मंड़ई आयोजन समिति का गठन किया गया जिनके माध्यम से समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कार्यक्रम होना है छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग व कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित लोक मंड़ई का कार्यक्रम पहली बार ग्राम तुमडीबोड़ में होने जा रहा है, जिसमें लोक संस्कृति व लोक परंपरा के साथ ही लोक संगीत, लोक गायन व नृत्य, हास्य एवं प्रहसन की रंगारंग प्रस्तुति होगी। साथ ही दिन में समूहों को कृषि ज्ञान, विज्ञान से संबंधित तकनीक से जोड़ने के लिए प्रदर्शनी, कृषि मेला व लोक मंड़ई में आने वाले तमाम लोगों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार लगाया जाएगा। लोक मंड़ई आयोजन समिति के सदस्य, टाइगर नवयुवक एवं व्यापारी मंच तुमडीबोड़ के अध्यक्ष अजय जैन ने जानकारी में बताया कि लोक मंड़ई का यह कार्यक्रम पूर्व में मध्यप्रदेश शासन में सन् 2000 में ग्राम अलीवारा से शुरुआत हुई थी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**
**- ईश्तहार ::**

रा.प्र.क. 202603092300005
अ/6'अ'वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका पदनीन बाई पिता डेरहा राग वर्मा, जाति लोधी, निवासी ग्राम व पोस्ट चिद्दों तहसील डोगरगढ़, जिला राजनादगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि, आवेदिका के शामिलात खाते में ग्राम पारागांवखुर्द, तहसील डोंगरगढ स्थित भूमि खसरा नंबर 458/12 रकबा 0.0488 में आवेदिका का नाम पल्टिन बाई पिता डरेहा राम वर्मा दर्ज है जो आवेदिका के विवाह के पूर्व उनके मायके का नाम है। विवाहोपरांत आवेदिका का नाम पदनीन बाई रख दिया गया है और इसी नाम से आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में आवेदिका का नाम पदनीन बाई अंकित किया गया है तथा आवेदिका को पदनीन बाई के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। पल्टिन बाई एवं पदनीन बाई दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। आवेदिका के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज नाग पदनीन बाई के आधार पर राजस्व अभिलेख में पल्टिन बाई वर्मा उर्फ पदनीन बाई पिता डेरहा राम वर्मा दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र सहित भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प में शपथ पत्र, आधार कार्ड, बी-1, तलवाना फार्म, राशन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेशी दिनाक 01/04/2026 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात पात्र दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) हरित सोना क्रांति किससे संबंधित है?*
*2) किस राज्य सरकार ने राज्य के बाहर निधन होने पर लोगों के पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए च्श्रद्धांजलिज् योजना शुरू की है?*
*3) फिरोजाबाद 200 से अधिक वर्षों में किसका उत्पादन कर रहा है?*
*4) भारत की पहली अंतरिक्ष खगोल वेधशाला का नाम क्या है, जिसने हाल ही में अपने संचालन के 10 वर्ष पूरे किए हैं?*
*5) हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी पतंगा, एटलस मॉथ किस राज्य में देखी गई है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) बांस (2) असम (3) काँच की चूड़ियाँ
(4) एस्ट्रोसैट (5) कर्नाटक

# मंदिरों सहित घरों में बंदनवार और दीप सजाकर मनाया हिन्दू नववर्ष

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ के छुईखदान मातृशक्ति इकाई एवं संगठन सहयोगियों द्वारा आज नव-संवत्सर आरंभ का उत्सव मनाया गया. विक्रम संवत 2083 एवं चैत्र नवरात्रि के आरंभ के सुअवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों सहित छुईखदान शहर स्थित अनेक कालोनियों में प्रात:काल घरों सहित मंदिर के मुख्य द्वार में आमपत्र-पुष्प से बने बंदनवार को पंचोपचार पूजन कर लगाया गया. विक्रम संवत भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण है और हिंदू धर्म के त्योहारों एवं शुभ कार्यों की तिथियों का निर्धारण इसी आधार पर होता है. विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से 57 साल आगे है. विक्रम संवत में वर्ष की शुरुआत चैत्र माह से होती है. विक्रम संवत ही हमारा राष्ट्रीय संवत कहलाता है जो शुद्ध और वैज्ञानिक है. यह हमारी अस्मिता और स्वाधीनता के अनुरक्षण तथा शत्रुओं पर विजय का प्रतीक भी है. इसी संवत के अनुसार हमारे सभी धार्मिक अनुष्ठान, तीज त्यौहार जैसे - नवरात्र, राम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जन्मोत्सव, विजय दशमी, दीपावली, होली आदि मनाए जाते हैं. आज विक्रम संवत 2083 के



आरंभ एवं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन संगठन के मातृशक्ति छुईखदान इकाई की सहयोगी बहनों द्वारा प्रात:काल अपने-अपने आसपास के घरों एवं मंदिरों में पहुँचकर पंचोपचार से पूजित बंदनवार लगाया गया और दीपक जलाकर नववर्ष की खुशियाँ मनाई गयी. साथ ही नवरात्रि की प्रथम दिवस पर रानी तालाब स्थित राजपुरोहित कुल देवी सत्ती माता मंदिर में संध्या कालीन दीप प्रज्ज्वलित कर दीप दान किया गया। माता की भक्ति में लीन मातृ शक्तियों द्वारा सत्ती माता की पूजा पाठ पंचोपचार कर भोग प्रसादी लगाया गया। बहनों ने नया वर्ष के आगमन पर भक्ति गीत एवं गरबा नृत्य किया। मातृ शक्तियों ने हिंदू नववर्ष की बधाई पर माथे पर कुमकुम तिलक लगाकर एकदूसरे को बधाई दिए। नवरात्रि एवं नया वर्ष प्रकृति में परिवर्तन तथा माता की शक्ति भक्ति को जागृत करने वाला पर्व है। छुईखदान कार्यक्रम में शामिल होने वाली बहनों में जिला अध्यक्ष श्री मती डॉली तिवारी जिला सचिव श्री मती स्वाति शर्मा जिला उपाध्यक्ष रूपा उपाध्याय जिला संगठन विस्तार प्रमुख श्री मती शैल शर्मा जी एवं संगठन के रेनू त्रिपाठी, रेणु चौबे, श्यामा तिवारी, अंजू तिवारी, गायत्री तिवारी, विमला शर्मा, सरिता शर्मा, रोहणी शर्मा, मीना तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, मनीषा शुक्ला, सीमा मिश्रा ने बड़े हर्षोल्लास से कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही खैरागढ़ और गंडई में भी इसी तरह कार्यक्रम हुआ जिसका नेतृत्व खैरागढ़ जिला संयोजिका अंजू पांडे एवं गंडई जिला प्रभारी उमा चौबे जी ने किया। कार्यक्रम स्थल पावन धरा शीतला माता मंदिर था जहां संगठन के सभी सहयोगियों के साथ जनमानस भक्तों की भी भीड़ थी।

## कवर्धा वनमंडल द्वारा तेंदुआ खाल जप्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा वन्यजीव अपराध के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए दो नग तेंदुआ खाल सहित अन्य अवैध सामग्री जप्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, भोपाल (भारत सरकार) एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्राप्त सूचना के आधार पर गठित संयुक्त जांच समिति, जिसमें कवर्धा वनमंडल के क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे, द्वारा तरेगांव के ग्राम गुडली एवं कवर्धा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोरभट्टी में कार्रवाई की गई। वनमंडलाधिकारी, कवर्धा ने बताया कि दिनांक 20.03.2026 को अवैध तेंदुआ खाल रखे जाने की सूचना पर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो नग तेंदुआ खाल, हड्डी, नाखून आदि सामग्री जप्त की गई।



**इस प्रकरण में निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया गया** - संतराम धुर्वे पिता बिहारी धुर्वे, निवासी ग्राम चोरभट्टी सुखराम मेरावी पिता बुधारी मेरावी, निवासी ग्राम गुडली अघनू धुर्वे पिता भागुराम धुर्वे, निवासी ग्राम आमानारा सहैततर मरकाम पिता तिरिथ राम, निवासी ग्राम सिंघारी कनस टेकाम पिता इतवारी, निवासी ग्राम बेन्दा प्रारंभिक जांच में पूछताछ के दौरान आरोपियों के द्वारा उक्त तेंदुआ खाल को पूजा-पाठ एवं अन्य तांत्रिकी गतिविधियों में उपयोग में लाये जाने की बात स्वीकार की गयी। उक्त प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 39, 44, 50, 51 एवं 52 के तहत वन अपराध क्रमांक 20730/17 दिनांक 20.03.2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पीएमजीएसवाई विभाग की तत्परता से 2.45 किमी सड़क का कार्य मानक अनुसार कराया गया पूर्ण

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आरडीसी रोड से बाकल लंबाई 2.45 किलो मीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्माण के दौरान विभाग द्वारा गुणवत्ता मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतत निगरानी रखी गई। वर्तमान में पूरे मार्ग का डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा गुणवत्ता परीक्षण में कार्य संतोषजनक पाया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों की मजबूती और दीर्घकालिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिक उद्देश्य है। अधीक्षण अभियंता दुर्ग संभाग श्री बीएस पटेल द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया, जिसमें पूर्व में बिछाए गए ओवरहीट मटेरियल एवं उसके स्थान पर किए गए सुधार कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने सुधार कार्य को मानक अनुरूप पाते हुए संतोष व्यक्त किया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि डामरीकरण के दौरान ठेकेदार लेखराम साहू के प्लांट में अचानक तकनीकी खराबी आने से डामर मिश्रण ओवरहीट हो गया, जो उपयोग के लिए अनुपयुक्त था।



# 23 से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में होगा संभागीय सरस मेला

## विभिन्न जिलों से आए महिला समूह के आकर्षक उत्पादो की लगेगी प्रदर्शनी सह विक्रय केंद्र

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** संभाग के विभिन्न जिलों से आये हुये महिला स्व-सहायता समूहों और लखपति दीदियों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादो की भव्य प्रदर्शनी एवं विक्रय केंद्र संभागीय सरस मेला में दिनांक 23 मार्च से 26 मार्च तक सरदार पटेल मैदान कवर्धा में उपलब्ध होगा। कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की ओर एक कदम बढ़ाते हुए विभिन्न महिला स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए जैविक खाद्य सामग्री, घरेलू साज-सज्जा के आकर्षक समानो सहित सभी आयु वर्ग के लिए अनेको उत्पादनो की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए मेले का आयोजन हो रहा है। संभागीय सरस मेला में मीना बाजार किड्स




जोन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, हुनर और आत्मनिर्भरता की मिसाल है जहाँ आपको एक ही स्थान पर अनेको उपयोगी समान संभागीय सरस मेला में मिलेगा। मेले में महिला समूह द्वारा उत्पादित मिलेट जिसमे रागी, कोदो और बाजरा से बने पौष्टिक खाद्य पदार्थ,समूह द्वारा बना स्वादिष्ट अचार, पापड़, मसाले,हर्बल गुलाल एवं प्राकृतिक उत्पाद सहित हस्तशिल्प एवं सजावटी सामग्री भी उपलब्ध होगी। साथ मे पारंपरिक व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा। सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे बताया कि समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियां बाजार मूल्य से कम दरों पर गुणवत्ता के साथ उपलब्ध है।आपके प्रत्येक खरीदारी से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सहयोग मिलेगा और वह आत्मनिर्भरया की दिशा में आगे बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेला का आयोजन सरदार पटेल मैदान कवर्धा में दिनांक 23 से 26 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक होगा। तो आइए हम सब मिलकर वोकल फ़ॉर लोकल को अपनाते हुए स्थानीय उत्पादो को अपनाएं और ग्रामीण बहनों को सशक्त बनाने में अपना सहयोग दें। आपके सहयोग से महिला समूह के व्यवसाय में उत्साह का संचार होगा और आपका यह प्रयास उनकी जिंदगी में बदलाव लाएगा।

## अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता : मेजबान छत्तीसगढ़ टीम की दूसरी जीत, मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 20-0 गोल से पराजित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच मेजबान छत्तीसगढ़ विरुद्ध हॉकी महाराष्ट्र के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में मेजबान छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 3-0 गोल से पराजित किया छत्तीसगढ़ टीम की ओर से मैच के 29वें मिनट में जर्सी नंबर मधु सिंदर मैच के 51वें और 58वें मिनट में दुबी रावत और जिज्ञासा कश्यप ने गोल करते हुए मैच को 0 के मुकाबले 3 गोल से जीत हासिल की। आज का दूसरा मैच हॉकी मध्यप्रदेश विरुद्ध हॉकी राजस्थान के मध्य खेला गया। इस एकतरफे मुकाबले में मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 20-0 गोल से पराजित करते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। हॉकी मध्यप्रदेश की और से नौशीन नाज ने 6 गोल नम्मी गीताश्री ने 4 गोल भाविका और प्रियांशी भंवर ने 3-3 गोल तथा अक्सा खान, विभा सिंह, साजिदा बेगम और रोली बाल्मीकि ने 1-1 गोल किए। मैच के पूर्व उपस्थित अतिथियों ने मैदान के मध्य जाकर खिलाड़ियों परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। मैच में प्रिया दुबे, अनामिका शर्मा, राजवीर कौर, कुलदीप कौर, खुशबू सिसोदिया, अमृता सेन, पिंकी नायक, ईशानी पटेल ने निर्णयक व तकनीक अधिकारी को भूमिका निभाई। वहीं वंदन रघुवंशी टेक्निकल डेलीगेट के रूप में उपस्थित है। आज के मैच में प्रमुख रूप से जिला हाकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी परमजीत सिंह तथा मृणाल चौबे, नीलम चंद जैन, भूषण साव,कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।



# राजनांदगांव की बालिका 'टीम ए सी जी जुनियर एन बी ए नेशनल फाइनल की कांफ्रेंस लीग के फेस II के लिए क्वालीफाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्वज्ञ राव बास्केटबाल एकेडमी राजनांदगांव के बास्केटबॉल खिलाडियों से सज्जीत दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम ए सी जी जुनियर एन बी ए द्वारा दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिनांक 19 से 24 मार्च तक आयोजित 333 नेशनल फाइनल में कांफ्रेंस लीग के फेस-2 के लिए क्वालिफाई हो गई है। फेस-2 के लिए 8 टीमों ने क्वालिफाई किया। इन टीमों को दो पुल में बांटा गया है जहां पून: लीग मैच खेले जायेंगे। दोनों ही पुल की पहली दो टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। इस प्रतियोगिता में ए सी जी जुनियर एन बी ए द्वारा 14 वर्ष से कम उम्र की विभिन्न सीटी में आयोजित 333 सीटी लीग की विजेता उपविजेता एवं आल स्टार टीमें भाग ले रही है। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम प्रयागराज के अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 11-15 जनवरी तक आयोजित ए सी जी जुनियर एन बी ए नेशनल सीटी लीग में रजत पदक विजेता टीम है। डी पी एस राजनांदगांव की टीम ने गत वर्ष की नेशनल फाइनल में रजत पदक जीता था। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम देश की एकमात्र बालिका टीम है जिसे एन बी ए ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सिंगापुर में आयोजित एन बी ए 333 राइजिंग स्टार इन्विटेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा था। इस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की छ: बालिका खिलाड़ी भाग लें रही है जिनमें चार खिलाडी दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी और दो अन्य खिलाडी आल स्टार टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है । दिल्ली पब्लिक स्कूल ने वैल्लमल विद्यालय परूथिपट्टू चैन्नई की टीम को 19-09 अंको से, पाईन माउंट स्कूल गुवाहाटी को 16-03अंको से, एवं जी वी एच एस ए. स्पोर्ट्स स्कूल कन्नुर केरल की टीम को परास्त कर अगले राउन्ड में प्रवेश किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम में सौम्या पांडे (कप्तान ),इशिका साहू,सुरूचि टोप्पो एवं हर्षिता लाहकर है टीम के कोच अंतप्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं मेनेजर चमेली है।



# खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने किया फीता काटकर सामुदायिक भवनों का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सागर एवं आश्रित ग्राम बिजेपार कुमर्दा में नव निर्मित सामुदायिक भवनों का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक भोला राम साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत सागर स्थित दंतेश्वरी मंदिर परिसर में बने सामुदायिक भवन तथा बिजेपार कुमर्दा में निषाद समाज के सामुदायिक भवन का विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इससे ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और गांव-गांव में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इन भवनों का संरक्षण करें तथा सामूहिक उपयोग के माध्यम से गांव के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर श्रीमती पिंकी देव पन्द्रों जनपद सदस्य, प्रताप धावड़े ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमर्दा, नरेश शुक्ला सरपंच घुपसाल, लालचंद साहू वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, लक्ष्मी नारायण साहू जिला कांग्रेस सचिव, दुर्गा महानदिया मंडल अध्यक्ष कांग्रेस, फक्कीर साहू मंडल अध्यक्ष साहू समाज कुमर्दा, पूरन साहू वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मोहन यादव सरपंच ग्राम पंचायत सागर, कोमल साहू उपसरपंच, मोहन लाल पटेल ग्राम पटेल बिजेपार, गोकुल राम गर्रा ग्राम पटेल सागर, रामखिलावन चंद्रवंशी सचिव, कपिल देव मारकंडे रोजगार सहायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# मां कुष्मांडा ने की थी ब्रह्माण्ड की संरचना

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स ) ।** या देवी सर्वभू ?तेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: ।। इन दिनों चल रही नवरात्रि के दौरान हर दिन का अलग महत्व होता है और प्रतिदिन देवी के हर स्वरूप की पूजा होती है। आज इस नवरात्रि पावन पर्व के चौथे दिन आज देवी कूष्मांडा की पूजा का विधान है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने कहा कि आज के दिन कुष्मांडा देवी के स्वरूप की पूजा आराधना की जाती है। इस दिन साधक का मन च्अनाहतज्ज् चक्र में अवस्थित होता है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था , सभी तरफ अंधेरा व्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपनी मंद हंसी से ब्रह्मांड की रचना की थी , यह सृष्टि की आदिस्वरूपा और आदिशक्ति है। चेहरे पर हल्की मुस्कान लिये माता कुष्मांडा को सभी दुखों को हरने वाली माँ कहा जाता है। कुष्मांडा देवी योग और ध्यान की देवी है। देवी का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का भी है। माता कुष्मांडा के दिव्य रूप को मालपुआ का भोग लगाना चाहिये। इनका निवास सूर्यमंडल के




भीतर के लोक में हैं , वहां निवास करने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान है , इनके तेज और प्रकाश से दशों दिशायें प्रकाशित हो रही है। ब्रह्माण्ड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। इनकी आठ भुजायें हैं अत: इन्हें अष्टभुजी देवी के नाम से भी जाना जाता है। इनके सातों हाथों में कमंडल , धनुष , बाण , कमल , अमृतपूर्ण कलश ,चक्र , गदा एवं आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन सिंह है। मां कुष्माण्डा के शरीर में कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान है। इनके प्रकाश से ही दसों दिशायें उज्जवलित हैं। मां कुष्मांडा की उपासना मनुष्य को आधियों , व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख , समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। संस्कृत भाषा में कुष्मांडा को कुम्हड़ कहते हैं , बलियों में कुम्हड़े की बलि इसे सर्वाधिक प्रिय है इस कारण से भी माँ कुष्मांडा कहलाती है। ज्योतिष में इनका संबंध बुध नामक ग्रह से है। इसकी उपासना से सिद्धियों में निधियों को प्राप्त कर समस्त रोग शोक दूर कर विद्या , बुद्धि , आयु , यश की प्राप्ति की जा सकती है। मान्यता के अनुसार हरे वस्त्र धारण करके माँ कुष्मांडा का पूजन करें। पूजा के दौरान मां को हरी इलाइची , सौंफ या कुम्हड़ा अर्पित करें। मां कूष्मांडा को गुड़हल का फूल या लाल फूल बहुत प्रिय है , इसलिये उनकी पूजा में गुड़हल का फूल अर्पित करें। वैसे तो मां कूष्मांडा को मालपुये का भोग अतिप्रिय है। लेकिन भक्तों के पास जो होता है मां उस भोग को भी सहर्ष स्वीकार कर लेती हैं। इसके बाद उनके मुख्य मंत्र च्? कूष्मांडा देव्यै नम:ज्ज् का 108 बार जाप करें , चाहें तो सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ करें। इनकी उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक नष्ट हो जाते हैं। इनकी आराधना से मनुष्य त्रिविध ताप से मुक्त होता है। जो साधक कुण्डलिनी जागृत करने की इच्छा से देवी अराधना में समर्पित हैं , उन्हें दुर्गा पूजा के चौथे दिन माता कूष ?मांडा की सभी प्रकार से विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिये। इनकी पूजा करने से आयु , यश , बल और स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। मां कुष्मांडा की विधि विधान से पूजा करने से मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं।

## गहने खरीदने से पहले देख लें शुभ मुहूर्त, पढ़ें शास्त्रों के ये नियम

हिंदू धर्म में सोना सिर्फ एक धातु नहीं है। यह माता लक्ष्मी का प्रतीक है, घर की समृद्धि की निशानी है। ज्योतिष शास्त्र और प्राचीन मान्यताओं के अनुसार, कुछ खास दिन और नक्षत्र ऐसे होते हैं, जिनमें सोना खरीदना या पहनना घर में खुशहाली लाता है। ज्योतिष के अनुसार, अगर आप सही समय पर सोना खरीदते हैं, तो वह धातु न रहकर एक 'वरदान' बन जाती है। सबसे प्रमुख दिनों की बात करें, तो: इसे नक्षत्रों का राजा कहा जाता है। मान्यता है कि इस नक्षत्र में खरीदी गई कोई भी वस्तु, विशेषकर सोना, लंबे समय तक टिकती है और उसमें निरंतर वृद्धि होती है। साल में कई बार पुष्य नक्षत्र का योग बनता है। ये अबूझ मुहूर्त हैं। इन दिनों में सोना खरीदना अत्यंत शुभ और मंगलकारी माना जाता है। कहते हैं कि इन दिनों खरीदा गया सोना कभी 'क्षय' (नष्ट) नहीं होता। सप्ताह के दिनों में गुरुवार (बृहस्पतिवार) और रविवार को सोना खरीदने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। गुरुवार गुरु ग्रह का दिन है, जो समृद्धि का कारक है और रविवार सूर्य देव का दिन है, जो तेज और ऐश्वर्य के प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सोने के गहने पहली बार पहनने के लिए भी पुष्य नक्षत्र, अश्लेषा नक्षत्र, अनुराधा नक्षत्र या रेवती नक्षत्र को शुभ माना जाता है। वार की बात करें, तो गुरुवार, रविवार और सोमवार का दिन इसके लिए श्रेष्ठ है। 'ज्योतिष शास्त्र' के कई प्रामाणिक ग्रंथों, जैसे 'मुहूर्त चिंतामणि' और 'जातक पारिजात' में विस्तार से बताया गया है कि किस नक्षत्र और वार में कौन-सी धातु खरीदना और धारण करना शुभ होता है। इन ग्रंथों के अनुसार, ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति हमारी ऊर्जा और किस्मत पर सीधा असर डालती है, इसलिए शुभ मुहूर्त का पालन करना फायदेमंद होता है।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# डोंगरगांव में सादगीपूर्ण होगा मां कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह

## जनसहयोग मैदान से बदला स्थान अब कर्मा भवन मटिया में होगा आयोजन, 0 6 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह लोक गायिकाओं की प्रस्तुति भी आकर्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव में मां कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब समाप्त हो गई है साहू समाज के जिला साहू संघ तहसील संघ परिक्षेत्र मंडल तथा ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह आयोजन अब 22 मार्च रविवार को कर्मा भवन मटिया डोंगरगांव में सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न होगा।

पूर्व में यह कार्यक्रम जनसहयोग मैदान में प्रस्तावित था लेकिन परिस्थितियों के चलते उसे स्थगित कर दिया गया था जिससे समाज में असमंजस की स्थिति बन गई थी अब पुन: निर्णय लेकर आयोजन को यथावत रखा गया है हालांकि इसे भव्यता के स्थान पर सादगीपूर्ण रूप दिया गया है जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू एवं महामंत्री नीलमणि साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों की चुनावी व्यस्तताओं के कारण उनके कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना नहीं है इसी कारण भव्य आयोजन को स्थगित करते हुए साधारण एवं गरिमामय तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है इस आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सामूहिक आदर्श विवाह है आयोजन को लेकर गरीब परिवारों में जो चिंता बनी हुई थी वह अब दूर हो गई है निश्चित रूप से 6 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा जिससे सामाजिक सहयोग और एकता का संदेश दिया जाएगा कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरने के लिए लोक गायिका तरुणा साहू एवं स्वेच्छा साहू अपनी प्रस्तुतियां देंगी इससे आयोजन में सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण बनेगा कार्यक्रम में समाज एवं क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी शामिल होंगे जिनमें प्रमुख रूप से ताम्रध्वज साहू पूर्व गृह मंत्री मोतीलाल साहू विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष दलेश्वर साहू क्षेत्रीय विधायक भोलाराम साहू जितेंद्र साहू तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष खेदूराम साहू पूर्व विधायक छन्नी साहू किरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू नगर पंचायत अध्यक्ष लालबहादुर नगर रंजिता पटौदी जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी नगर पंचायत अध्यक्ष मदन साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ मोहला मानपुर टीलेश्वर साहू जिला साहू संघ खैरागढ़ विभा साहू देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य मनीष साहू जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी यह आयोजन भले ही सादगीपूर्ण रूप में किया जा रहा हो लेकिन इसका उद्देश्य समाज में एकता सहयोग और परंपराओं को आगे बढ़ाना है मां कर्मा जयंती के साथ सामूहिक विवाह का यह आयोजन सामाजिक समरसता और सहयोग की मिसाल प्रस्तुत करेगा।



## मंत्री बृजभान अग्रवाल का आत्मीय स्वागत

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्र पर्व के दूसरे दिन मां बमलेश्वरी देवी दर्शन को आए रायपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद, आठ बार के विधायक एवं पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का होटल राज इन में आगमन हुआ। इस अवसर पर डोंगरगढ़ के वरिष्ठ नेता हरविंदर एस मंगे, सहित मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रिंस कक्कड़, गिरीश साहू, मयंक डोंगरे एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओ ने श्री अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। मुलाकात के दौरान सभी वरिष्ठजनों के साथ संगठनात्मक विषयों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर सार्थक चर्चा हुई। इस संवाद ने संगठन को और सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान की।



## प्यारेलाल चौक से बजरंग चौक तक बनेगा आधुनिक डिवाइडर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव और नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा की पहल पर प्यारेलाल चौक हनुमान मंदिर से बजरंग चौक तुलसीपुर तक नए डिवाइडर निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इस योजना से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी बल्कि क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों के विकास के तहत एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्यारेलाल चौक स्थित हनुमान मंदिर से लेकर बजरंग चौक तुलसीपुर तक सड़क के बीचों-बीच आधुनिक डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। इस डिवाइडर में आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था के साथ-साथ हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पेड़-पौधों का विशेष प्रावधान किया गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस परियोजना के पूरा होने से सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात सुगम होगा। साथ ही रात के समय बेहतर रोशनी से सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। हरित पौधारोपण से क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन भी बेहतर होगा और शहर का सौंदर्य बढ़ेगा। इस जनहितकारी कार्य की स्वीकृति मिलने पर लेबर कॉलोनी एवं तुलसीपुर के समस्त वार्डवासियों में खुशी की लहर है। नागरिकों ने महापौर मधुसूदन यादव और निगम अध्यक्ष पारस वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इस पहल के लिए बधाई दी है। भाजपा नेता एवं पदाधिकारी नरेंद्र मुन्ना यादव, हैरी जोसेफ प्रकाश हरिहरनों, सतीश रेवतकर, तूफानी वर्मा, संतोष वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, बी.डी. सिंह, गणेश देवांगन, विजय श्रीवास्तव, गंगाधर, श्रीमती सुधा पवार, श्रीमती संगीता मिश्रा, समीर श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के अनेक नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## जिला गोंडवाना समाज की बैठक सम्पन्न, नए अध्यक्ष व महासचिव की नियुक्ति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला गोंडवाना समाज की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसमें समाज के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक के दौरान जिला गोंडवाना महासभा के अध्यक्ष पद पर स्वर्गीय श्री नीलकंठ गढ़े के निधन के बाद रिक्त पद को भरते हुए सर्वसम्मति से श्री रमेश मांडवी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, स्वर्गीय श्री गढ़े के सुपुत्र अनूप गढ़े को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति पर समाज में खुशी की लहर देखी गई।



आवश्यकता है
Nursing Staff
(ICU & NICU) – 5 पोस्ट
(ANM, GNM, BSC Nursing)
डी. एन. ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
एक्सिस बैंक के पास , भदोरिया चौक राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.न. : 7509154040 , 9343184709

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# धारा-76 के तहत दस्तावेज न देना पड़ा महंगा: उपभोक्ता आयोग ने अधिकारी की लापरवाही को माना 'सेवा में दोष', परिवादी को मिलेगी क्षतिपूर्ति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राजनांदगांव ने सूचना के अधिकार और पारदर्शिता के प्रति लापरवाही बरतने वाले एक चिकित्सा संस्थान के अधिकारी के खिलाफ महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। आयोग ने साक्ष्य अधिनियम की धारा-76 के तहत मांगी गई जानकारी न देने के कारण अनावेदक पर आर्थिक दंड लगाया है।

**क्या है पूरा मामला ?**

प्रकरण के अनुसार, परिवादी नरेन्द्र कुमार जैन (अरिहंत मेडिकोज, राजनांदगांव) ने अनावेदक प्रदीप बेक (संयुक्त संचालक व सह अधीक्षक, भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सालय, राजनांदगांव) के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी।

परिवादी का कहना था कि उन्होंने वर्ष 2017-18 में चिकित्सा संस्थान को दवाओं की आपूर्ति की थी, जिसका भुगतान बकाया था। इस संबंध में उन्होंने 05.01.2024 को भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा-76 के तहत कुछ दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति मांगी थी और निर्धारित शुल्क भी जमा किया था। बावजूद इसके, अनावेदक द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे परिवादी को मानसिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

**आयोग का फैसला**

मामले की सुनवाई अध्यक्ष प्रशान्त कुण्डू और सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस की पीठ ने की। आयोग ने पाया कि:परिवादी ने नियमानुसार जानकारी मांगी थी और शुल्क भी अदा किया था।

अनावेदक द्वारा जानकारी न देना सेवा में कमी की श्रेणी में आता है।

प्रमाणित प्रतिलिपि प्रदान करना अधिकारी का वैधानिक कर्तव्य था, जिसका पालन नहीं किया गया।

**जुर्माना और आदेश**

आयोग ने अनावेदक प्रदीप बेक को निम्नलिखित आदेश दिए हैं: 5,000 रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 'उपभोक्ता विधिक खाते' में जमा करें। 5,000 रुपये परिवादी को मानसिक क्षति और वाद व्यय के रूप में भुगतान करें। यदि भुगतान 45 दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो इस राशि पर 9त्न वार्षिक ब्याज देय होगा। यह फैसला स्पष्ट करता है कि सरकारी या अर्ध-सरकारी पदों पर बैठे अधिकारी यदि अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों से पीछे हटते हैं और उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं, तो उन्हें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किए मां बमलेश्वरी मंदिर के दर्शन की प्रदेश की खुशहाली की कमाना

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का शुक्रवार, 20 मार्च को धर्मनगरी डोंगरगढ़ आगमन हुआ। कांग्रेस जनों ने किया उनका भव्य स्वागत किया। शाम लगभग 6:00 बजे मां बमलेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे बघेल का छिरपानी रोपवे के पास शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने पुष्पमालाओं एवं नारों के साथ अपने नेता का स्वागत किया।



कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल। जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री थानेश्वर पाटीला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश भंडारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा सत्र की कार्यवाही को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदन में प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए, वहीं भाजपा विधायकों द्वारा पूछे गए सवाल उनके संवैधानिक अधिकार का हिस्सा हैं। हालांकि उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। डिप्टी सीएम अरुण साव द्वारा कांग्रेस पर अफीम मामले को लेकर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने बयान को च्च्मूर्खतापूर्णज्ज् बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अफीम से जुड़े मामलों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आई है, और जिन घटनाओं का जिक्र किया जा रहा है, वे वर्तमान भाजपा शासनकाल में ही हुई हैं।इस अवसर पर रामजी तराने संदीप सिंह गहरवाल सन्नी भाटिया अक्षय चौरड़िया प्रजेश सहारे रवि बाघमरे किरण मेश्राम रेखा खोबरागड़े नलिनी मेश्राम ऋषि शर्मा आदि कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

# अवैध धर्मांतरण नेटवर्क पर करारा प्रहार

## राजनांदगांव पुलिस की सशक्त कार्यवाही, आरोपी डेविड चाको गिरफ्तार

**डोंगरगढ़/ सुकुल देहांन ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला राजनांदगांव के थाना लालबाग अंतर्गत पुलिस चौकी सुकुल देहांन क्षेत्र में अवैध धर्मांतरण से संबंधित गंभीर प्रकरण में राजनांदगांव पुलिस द्वारा प्रभावी एवं सुनियोजित कार्यवाही की गई है। आपको बता दें कि 08 जनवरी 2026 को प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई विस्तृत जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी डेविड चाको (उम्र 55 वर्ष), निवासी ग्राम धर्मपुर द्वारा अपने निवास स्थान पर प्रार्थना सभा/धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को प्रलोभन एवं अन्य माध्यमों से धर्म परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जा रहा था। साथ ही, बिना वैधानिक अनुमति के आश्रम संचालन एवं नाबालिग बच्चों को अपने पास रखने की जानकारी भी प्राप्त हुई। जांच के प्रारंभिक चरण (पूर्व विवेचना) के दौरान आरोपी के पास से महत्वपूर्ण सामग्री प्राप्त हुई थी, जिनमें— * लैपटॉप एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण * सोलर चार्ज्ड प्रोजेक्टर * धार्मिक एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें * भविष्य में धर्मांतरण की रणनीति से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं, जिनसे संगठित गतिविधियों की पुष्टि होती है। वर्तमान विवेचना के दौरान आरोपी के कब्जे से निम्नलिखित सामग्री भी जप्त की गई है— * चर्च से संबंधित रजिस्टर एवं सदस्यता सूची * मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण * अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज/सामग्री। प्रकरण में विदेशी फंडिंग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी के बैंक खातों की जानकारी संबंधित बैंकों से प्राप्त की जा रही है तथा अन्य सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3, 4, 5 एवं क्चहस् की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दिनांक 21.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण की विवेचना सतत जारी है तथा अन्य संभावित आरोपियों/सहयोगियों की संलिप्तता की भी गहन जांच की जा रही है।




# हिंदू नव वर्ष व चैत्र नवरात्र पर मुख्यमंत्री से भेंट, धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के ऐतिहासिक क्षण के बने साक्षी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हिंदू नव वर्ष एवं पावन चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर जिला पंचायत राजनांदगांव के जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस आत्मीय भेंट में प्रदेश की सुख-समृद्धि, सांस्कृतिक उन्नति एवं सर्वांगीण विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, गोपाल भुआर्य, श्रीमती शीला सिन्हा, किरण विनोद बारले, देव कुमारी साहू, बिरम मंडावी, अनीता मंडावी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल गैंदाटोला महामंत्री रामकुमार मंडावी, विनोद बारले, ललित साहू, एस. कुमार सिन्हा एवं सुशील कसेर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित हुए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। सभी जनप्रतिनिधियों ने अध्यक्षीय दीर्घा से विधानसभा सत्र का अवलोकन किया और लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को निकट से अनुभव किया। इसे उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन का अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक क्षण बताया। इस विशेष अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश के गृह मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से ही उन्हें विधानसभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 का पारित होना छत्तीसगढ़ के सामाजिक संतुलन, सांस्कृतिक संरक्षण एवं नागरिकों के अधिकारों की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रदेश में सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने संकल्प व्यक्त किया कि वे मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश के विकास एवं जनसेवा के कार्यों को और अधिक गति देने हेतु निरंतर कार्य करते रहेंगे तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com